# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की बीसवीं बैठक की कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की बीसवीं बैठक दिनांक 24 फरवरी, 2023 (शुक्रवार) को प्रातः 11:30 बजे प्रो. ए. के. व्यास, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया :–

1. प्रो. अयूब खान, प्रख्यात शिक्षाविद
2. डॉ. सीता राम शर्मा, परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमुख वैज्ञानिक (शिक्षा अनुभाग), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली (प्रतिनिधि – भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली)
3. श्री लोकेन्द्र सिंह, ट्रेजरी आफिसर, कोटा (प्रतिनिधि –वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर)
4. श्री चौथमल नागर, प्रगतिशील किसान, कोटा
5. श्रीमती रूकमणी मीणा, महिला सामाजिक कार्यकर्ता, कोटा
6. डॉ. आई. बी. मौर्य, अधिष्ठाता, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड
7. डॉ. प्रताप सिंह, निदेशक अनुसंधान, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
8. डॉ. डी. के. सिंह, प्रोफेसर व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अन्ता
9. श्री रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा (आमंत्रित)
10. श्री एन. के. जैन, कुलसचिव एवं सचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

उक्त बैठक में माननीय विधायक श्री राम नारायण जी मीणा, प्रमुख शासन सचिव (कृषि), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), सचिव (पशुपालन), राजस्थान सरकार, जयपुर, प्रो. डी. पी. जारोली, शिक्षाविद् एवं श्री बजरंग कुमार साबू, प्रख्यात कृषि उद्योगपति, कोटा उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक की प्रथम बार अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति प्रो. ए. के. व्यास, राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों प्रो. अयूब ख़ान, प्रख्यात शिक्षाविद्, श्री चौथमल नागर, प्रगतिशील किसान, श्रीमती रूकमणी मीणा, महिला सामाजिक कार्यकर्ता, श्री लोकेन्द्र सिंह, ट्रेजरी ऑफिसर, कोटा (प्रतिनिधि वित्त विभाग, राजस्थान सरकार) तथा नवनियुक्त प्रबंध मण्डल सदस्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के मनोनीत सदस्य डॉ. सीता राम शर्मा, परीक्षा नियंत्रक व प्रमुख वैज्ञानिक (शिक्षा अनुभाग), डॉ. प्रताप सिंह, निदेशक अनुसंधान, डॉ. डी. के. सिंह, प्रोफेसर व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अन्ता का कुलसचिव द्वारा स्वागत किया गया।

गत प्रबंध मण्डल की बैठकों में प्रो. डी.सी. जोशी, माननीय पूर्व कुलपति द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा पूर्व सदस्य डॉ. ओ. पी. यादव, निदेशक, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि), प्रो. ममता तिवारी, निदेशक, मानव संसाधन विकास व डॉ. विरेन्द्र सिंह, आचार्य एवं परीक्षा नियंत्रक के सहयोग की प्रशंसा की गई।

डॉ. प्रताप सिंह, निदेशक अनुसंधान एवं सदस्य, प्रबंध मण्डल द्वारा गत वर्ष की विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन पॉवर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विभिन्न कार्यसूचियों पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गए –

**बोम–20/2023/01:** **नवदश प्रबंध मण्डल की दिनांक 24.05.2022 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 24.05.2022 को आयोजित की गई नवदश बैठक का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही विवरण पर कोई टिप्पणी न होने की दशा में सर्वसम्मति से स्वीकार कर पुष्टि की गई।



कुल सचिव
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

बोम–20/2023/02: नवदश प्रबंध मण्डल की दिनांक 24.05.2022 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट।

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 24.05.2022 को आयोजित नवदश बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। साथ ही प्रबंध मण्डल को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय परिसर की तोड़ी गई दीवार को पुनः सुनियोजित तरीके से नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा बना दिया गया है। बोरखेड़ा–बारां एलीवेटेड रोड निर्माण में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की दीवार हटाने के लिए अधिग्रहित की गई जमीन 266.22 वर्ग मीटर की एवज में राशि रूपयें 1.346 करोड़ के बदले में नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा लगभग राशि रूपयें 1.48 करोड़ लागत के कृषि विश्वविद्यालय, कोटा परिसर में विश्वविद्यालय की आवश्यकता अनुसार निम्नलिखित विकास कार्यों के सन्दर्भ में पत्रांक एयूके/2023/16908–13 दिनांक 17.02.2023 प्रेषित कर उचित कार्यवाही की जा रही है, जिस पर प्रबंध मण्डल ने सहमति प्रदान की।

| क्र.सं. | कार्य | संख्या | लगभग साईज |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उत्पाद वितरण केन्द्र | 8 | 15' X 20' |
| 2 | G+1 हॉल का निर्माण कार्य | 1 | 30' X 50' |
| 3 | मुख्य द्वार से गेस्ट हाउस तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य | – | 5.5 मी. चौड़ाई में |

**(कार्यवाही : कुलसचिव)**

बोम–20/2023/03: **बीसवीं विद्या परिषद की दिनांक 04.02.2023 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

विद्या परिषद की बीसवीं बैठक दिनांक 04.02.2023 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे कार्यसूची में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार सर्वसम्मति से प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया, जिसमें निम्न मुख्य निर्णय इस प्रकार थे : –

1. वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में उत्तीर्ण स्नातक (434), स्नातकोत्तर (86) एवं विद्यावाचस्पति (07) कुल 527 छात्रों को षष्ठम दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों का ग्रेस पास का अनुमोदन।
2. षष्ठम् दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले 23 स्वर्ण पदकों का अनुमोदन।
3. सरकारी एवं निजी कृषि महाविद्यालयों की कृषि विश्वविद्यालय, कोटा से सम्बद्धता के लिए नियम, आवेदन पत्र एवं फीस के पुर्ननिर्धारण का अनुमोदन।
4. सम्बद्ध कृषि महाविद्यालयों (सरकारी एवं निजी) में मुख्य सैद्धांतिक परीक्षा के दौरान एक पर्यवेक्षक की विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।
5. स्नातक व स्नातकोत्तर की उत्तर पुस्तिकाओं को विद्यार्थियों द्वारा दोबारा देखने संबंधी निर्देश/मार्गदर्शन व आवेदन पत्र का अनुमोदन।
6. छः राजकीय व तीन निजी कृषि महाविद्यालयों को सम्बद्धता देने के निर्णय का अनुमोदन।
7. मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को जाँचने हेतु हाईब्रिड केन्द्रीय मूल्यांकन पद्धति को लागू करने का अनुमोदन किया गया।

**(कार्यवाही : कुलसचिव/निदेशक शिक्षा/परीक्षा नियंत्रक)**



कुल सचिव
कृषि विश्वविद्यालय कोटा

बोम–20 / 2023 / 04: विश्वविद्यालय के षष्ठम् दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों का ग्रेस पास।

विद्या परिषद की बीसवीं आयोजित बैठक दिनांक 04.02.2023 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के./ए.सी.–20/2023–01/03, 06, 09 में लिए गए निर्णयानुसार सत्र 2020–21 एवं 2021–22 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को दिनांक 13.03.2023 को आयोजित षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में प्रदान की जाने वाली कुल 527 उपाधियों हेतु ग्रेस पास का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

स्नातक में 434 विद्यार्थियों (उद्यानिकी में 96, वानिकी में 66 एवं कृषि में 272), स्नातकोत्तर में 86 विद्यार्थियों (उद्यानिकी में 27, वानिकी में 09 एवं कृषि में 50) एवं विद्यावाचस्पति में 07 विद्यार्थियों (उद्यानिकी में 02 एवं कृषि में 05) को उपाधियाँ प्रदान की जानी है।

(कार्यवाही : परीक्षा नियंत्रक)

बोम–20 / 2023 / 05: विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न स्वर्ण पदकों का अनुमोदन।

विद्या परिषद की बीसवीं आयोजित बैठक दिनांक 04.02.2023 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के./ए.सी.–20/2023–01/04, 05, 07 एवं 08 में लिए गए निर्णयानुसार षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में सत्र 2020–21 एवं 2021–22 में उत्तीर्ण छात्रों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न 23 स्वर्ण पदकों के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही : परीक्षा नियंत्रक)

बोम–20 / 2023 / 06: नवम वित्त समिति की दिनांक 08.02.2023 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।

नवम वित्त समिति की दिनांक 08.02.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया। कार्यसूची में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार वित्त समिति में पारित किए गए निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जिसमें प्रमुख निम्न हैं:–

1. प्रायोगिक परीक्षकों द्वारा प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच हेतु मानदेय राशि, अनुसंधान परियोजना स्वीकृति उपरांत वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन राशि, एवं वैज्ञानिकों द्वारा NAAS रेटिंग एवं गुणवत्ता के शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए प्रोत्साहन राशि, विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों/बोर्ड के बाह्य सदस्यों व प्रख्यात विशेषज्ञों के लिए मानदेय का अनुमोदन।
2. पीएचडी छात्रों द्वारा व्याख्यान देने के लिए मानदेय का अनुमोदन।
3. विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन की एन्ट्रेन्स लॉबी में विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की शोकेसिंग व फेस लिफ्टिंग हेतु बजट प्रावधान एवं विश्वविद्यालय के अधिकृत चार्टर्ड एकाउन्टेंट (सी.ए.) द्वारा वर्ष 2021–22 की सी.ए. ऑडिट रिपोर्ट एवं लेखे का अनुमोदन।
4. विश्वविद्यालय के प्राईवेट प्रोजेक्ट हेतु प्राप्त राशियों में समस्त खर्चो के बाद शेष राशि को प्रोजेक्ट समाप्ति के पश्चात् विश्वविद्यालय आय मानते हुए विश्वविद्यालय विकास कोष में स्थानान्तरित किए जाने का अनुमोदन।

(कार्यवाही : कुलसचिव/वित्त नियंत्रक)

बोम–20 / 2023 / 07: नवम भवन निर्माण समिति की दिनांक 08.12.2022 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।

कुल सचिव

नवम भवन निर्माण समिति बैठक दिनांक 08.12.2022 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया, जिसका प्रबंध मण्डल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार अनुमोदन किया।

1. कृषि महाविद्यालय, कोटा के भवन निर्माण के नए स्थान का चयन हेतु गठित समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन।
2. कृषि महाविद्यालय, कोटा के भवन निर्माण हेतु कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं आर.एस.आर.डी.सी. के बीच हुए एम.ओ.यू. को अगले दो वर्ष के लिए बढ़ानें का अनुमोदन।

(कार्यवाही : कुलसचिव/संपदा अधिकारी)

**बोम–20/2020/08:** **दशम भवन निर्माण समिति की दिनांक 01.02.2023 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

दशम भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 01.02.2023 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया, जिसे चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया, जिसके मुख्य प्रस्ताव निम्न प्रकार है : –

1. कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली के परिसर निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि में से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन निर्माण स्थान के चयन हेतु समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन।
2. कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली के परिसर निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि पर भू–उपयोग हेतु मास्टर प्लान का अनुमोदन।
3. कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली के भवन निर्माण हेतु कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, कोटा के मध्य हुए समझौते (एम.ओ.यू.) का अनुमोदन।

**(कार्यवाही : कुलसचिव/संपदा अधिकारी)**

**बोम–20/2023/09:** **विश्वविद्यालय में मंत्रालयिक कार्मिकों की पदोन्नति में राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कर्मचारी सेवा नियम 1999 लागू करने बाबत।**

मंत्रालयिक कर्मचारियों (शिक्षकों एवं अधिकारियों के अलावा) लिपिक ग्रेड–द्वितीय से लिपिक ग्रेड–प्रथम की पदोन्नति के लिए राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कर्मचारी सेवा नियम 1999 के अनुसार आवश्यक संशोधन कर विश्वविद्यालय में लागू करने के निर्णय का अनुमोदन किया, जिसे राजभवन सूचनार्थ भिजवाया जाना अपेक्षित है।

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न मंत्रालयिक कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर सम्बन्धित नियमों की समीक्षा की जानी चाहिए।

**(कार्यवाही : कुलसचिव)**

बैठक के समापन से पूर्व माननीय सदस्य प्रो. अयूब खान, प्रख्यात शिक्षाविद द्वारा दीक्षांत समारोह में प्रबंध मण्डल के बाह्य सदस्यों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार दीक्षांत पोशाक विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव प्रबंध मण्डल के समक्ष रखा। विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत प्रबंध मण्डल के बाह्य सदस्यों की दीक्षांत पोशाक का एक बार के लिए वित्तीय भार विश्वविद्यालय आय में से वहन करने का अनुमोदन किया गया।

**(कार्यवाही : कुलसचिव/वित्त नियंत्रक)**

कुल सचिव
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

अंत में कुलसचिव एवं सचिव प्रबंध मण्डल श्री एन. के. जैन द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

श्री एन. के. जैन,
कुलसचिव एवं सचिव,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

02.03.2023

डॉ. ए. के. व्यास
कुलपति एवं अध्यक्ष,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा